सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 180 | इंदौर, मंगलवार 14 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## तेज सर्द हवाओं की चपेट में इंदौर

प्रशासन अलर्ट

### फुटपाथ के बेसहारा लोगों को रैन बसेरा पहुंचाया, कल हल्की बारिश की संभावना



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में सोमवार को सीवियर कोल्ड डे रहने के बाद रात को भी कड़ाके की ठंड रही। इसका असर शाम से ही जनजीवन पर दिखा और सड़कों पर आवाजाही काफी कम रही। सोमवार को दिन का तापमान 19.5 (-7) डिग्री और रात का तापमान 9.6 (-1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।**

आज सुबह से हल्का कोहरा होकर विजिबिलिटी 1100 मीटर की थी। इसके साथ ही सर्द हवाओं के कारण ठंड का खासा असर है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 24 घंटों में मावठा गिरने के साथ हल्की बारिश के आसार जताए हैं।

मकर संक्रांति के दौरान मौसम ने ठंडक बढ़ा दी है। प्रदेश में कोहरे के साथ 15 जनवरी को मावठा गिरने के आसार हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के प्रभाव से इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक प्रकाश धामले ने बताया कि 14 जनवरी से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हो रहा है, जिसका असर 15 और 16 जनवरी को प्रदेश में देखने को मिलेगा। इस सिस्टम के गुजरने के बाद 17 जनवरी से ठंडक और बढ़ने की संभावना है।

सोमवार को इंदौर में सुबह से ही ठंड का प्रभाव रहा। दोपहर में बादल छाने के साथ 14 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी। शाम तक सर्द हवाओं का सिलसिला जारी रहा, जिससे सड़कों पर आवाजाही बेहद कम हो गई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और बारिश को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है।

उधर, शीत लहर को देखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर रात को एसडीएम, तहसीलदार ने अपने-अपने क्षेत्रों में जायजा लिया। अधिकारियों ने फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को रैन बसेरा और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। एसडीएम निधि वर्मा ने किला मैदान फुटपाथ से आश्रय स्थल पर एक पिता-पुत्र को सुरक्षित रूप से ठहराया।

# जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के चक्कर में लोग हो रहे फ्रॉड के शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। आजकल डिजिटल फ्रॉड इस तरह बढ़ गया है कि हर तरफ खतरा ही खतरा दिखता है। एक ऐसा ही मामला प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर सामने आया है। फर्जी वेबसाइट के द्वारा जाति, मूल निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए इंटरनेट में कई वेबसाइट सक्रिय है। ऐसे में मध्य प्रदेश के आर्थिक एवं सांख्यिकी आयुक्त ऋषि गर्ग ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में कई फेक पोर्टल या वेबसाइट के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने की जानकारी उन्हें मिली है। उन्होंने कहा कि लोग सावधानी पूर्वक ढंग से ही यह प्रमाण पत्र बनवाएं।**



### फंसने पर ये हैं खतरे

आपको बता दें कि गैर अधिकृत रूप से अगर कोई जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाता है तो वह अमान्य तो होगा ही। हो सकता है कि कोई आपकी निजी जानकारी हैक करके आपकी जानकारी लीक कर सकता है या फिर आर्थिक धोखाधड़ी कर सकता है।

### समस्या आने पर ऐसे करें समाधान

अधिकारियों के अनुसार किसी माध्यम से बनवाया गया प्रमाण पत्र नकली प्रमाण पत्र है, इसे बनवाने से बचें। आयुक्त के अनुसार यदि किसी आवेदक को आनलाइन प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई आ रही है तो वह जहां पर घटना हुई है, उससे संबंधित पंजीयन इकाई में आवेदन करें। गौरतलब है कि यदि निजी अस्पताल में जन्म अथवा मृत्यु हुई है तो वहां की नगर पालिक निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत में आवेदन करें और यदि ग्रामीण क्षेत्र में जन्म-मृत्यु हुई है, तो वहां की ग्राम पंचायत में आवेदन करने पर प्रमाण पत्र बनेगा।

### ये है अधिकृत वेबसाइट

छावनी बोर्ड, कुछ फैक्ट्री जिन्हें पंजीयन इकाई घोषित किया गया है, वहां के परिसर में होने वाली जन्म-मृत्यु का पंजीयन वहीं करवाना होगा। उक्त के अतिरिक्त किसी भी पोर्टल अथवा बेवसाइट से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लागिन न करें, न ही आवेदन करें। यहां से बनाए गए प्रमाण पत्र किसी भी जनकल्याणकारी योजना में स्वीकार्य अथवा मान्य नहीं होंगे। अधिकृत वेबसाइट dc.crsorgi.gov.in पर लागिन कर वैधानिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए जा सकते हैं।

# शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 16 जनवरी को

### इन क्षेत्रों को मिलेंगी सौगातें, सीएम मोहन ने बताई योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल। शहडोल अपनी खनिज संपदा, ऊर्जा क्षमता और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए जाना जाता है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से क्षेत्र में उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे शहडोल का विकास होगा और निवेशकों को नए मौके मिलेंगे। आरआईसी में हजारों की संख्या में प्रतिनिधि शामिल होंगे।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहडोल खनिज संसाधनों से भरपूर है।



यहां सोहागपुर कोलफील्ड और सिंगरौली ऊर्जा हब हैं। ये ऊर्जा आधारित उद्योगों के लिए बेहतरीन जगहें हैं। अमलाई औद्योगिक क्षेत्र कागज उद्योग और खनिज प्रसंस्करण के लिए महत्वपूर्ण है। यहां गैस आधारित उद्योग और हरित ऊर्जा परियोजनाओं में भी निवेश के अवसर हैं।

शहडोल धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। अमरकंटक, नर्मदा और सोन नदियों का उद्गम स्थल होने के कारण यह धार्मिक पर्यटन का केंद्र है। बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान जैसे स्थल इको-टूरिज्म को बढ़ावा देते हैं। सीएम मोहन ने कहा कि आरआईसी की मदद से शहडोल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेश के केंद्र के रूप में विकसित होने में मदद मिलेगी।

इसे लेकर शहडोल कलेक्टर केदार सिंह ने बताया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियां जोरों पर हैं। शहडोल और उमरिया के बीच सड़कों का सुधार किया जा रहा है। चार नए पुल भी बन रहे हैं। रीवा, कटनी और जबलपुर से मेहमान सड़क मार्ग से आएंगे। सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में गेहूं, धान, मोटे अनाज के अलावा कोयला, बॉक्साइट, ग्रेनाइट जैसे खनिज पाए जाते हैं। कई कंपनियों ने यहां निवेश में रुचि दिखाई है। रिलायंस, बिड़ला, अडानी जैसी बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि भी आएंगे। इस दौरान यहां 5000 उद्योग प्रतिनिधियों के आने की बात कही जार ही है।

**सनातन की रक्षा के लिए यह जरूरी...**

# 4 बच्चे पैदा करें ब्राह्मण, एक लाख रुपए इनाम मिलेगा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** इंदौर में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने की घोषणा, बोले सनातन की रक्षा तभी होगी जब ब्राह्मणों की संख्या पर्याप्त होगी। देखिए हमारे देश में विधर्मी लोगों की आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है। वजह ये है कि हमने अपने परिवार पर ध्यान देना लगभग बंद कर दिया है। युवाओं से मेरी बड़ी उम्मीद है। जो युवा हैं वह ध्यान से कान खोलकर सुन लें कि आने वाली पीढ़ी की रक्षा आपके हाथों में है। जो युवा अच्छा पद-प्रतिष्ठा हासिल कर लेते हैं और एक बच्चा करके विराम लगा देते हैं। ये मामला बहुत ही गड़बड़ है। मेरा आपसे आग्रह है कि चार तो होना ही चाहिए। जिनके चार बच्चे होंगे सनाढ्य समाज में उन्हें परशुराम कल्याण बोर्ड एक लाख रुपए का इनाम देगा। चाहे मैं परशुराम कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष रहूं या ना रहूं। कोई भी रहेगा उसकी ओर से दिया जाएगा।

यह बातें इंदौर में आयोजित सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया ने कही। उन्होंने नए जोड़ों से चार बच्चे पैदा करने का आग्रह किया है। इसके लिए बतौर प्रोत्साहन उन्हें 1



लाख रुपए इनाम देने की घोषणा भी की। सम्मेलन रविवार को हुआ था। परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राजोरिया ने मंच से कहा मैं युवाओं से पूछता हूं तो वे ये कहते हैं कि पढ़ाई में ज्यादा खर्चा होता है, अरे खर्चा कम होगा, ज्यादा होगा। थोड़ा कम में गुजारा कर लेंगे, लेकिन बच्चे पैदा करने में पीछे नहीं रहना है, नहीं तो विधर्मी लोग इस देश पर कब्जा कर लेंगे। ब्राह्मणों की संख्या तो कम होती जा रही है। इतना बड़ा इंदौर शहर है, अगर सभी ब्राह्मण आ जाते तो एक लाख हो जाते, लेकिन यहां पर इस छोटी सी जगह को भी आपने भर दिया। ये आपकी बड़ी कृपा है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मेरा यही विचार था कि ब्राह्मणों की संख्या कम हो रही है। युवाओं से आग्रह है कि आप संख्या बढ़ाएं। आने वाली संतानें इस देश में अपना नाम, अपना समाज, अपना गोत्र, अपना सूत्र सभी की रक्षा कर सकें। सनातन की रक्षा तभी होगी जब ब्राह्मणों की संख्या पर्याप्त होगी। राजोरिया ने धर्मांतरण का भी एक उदाहरण दिया और कहा कि जहां भी खोदा, बुलडोजर चला, वहां कोई ना कोई मंदिर के अवशेष निकल आते हैं, क्योंकि ब्राह्मणों ने रक्षा करने का प्रयत्न किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को ये बातें मिर्ची की तरह लग रही होंगी, लेकिन ये तो आपको करना ही पड़ेगा। ये ज्वलंत विषय है, जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। मैं सभी जगह संदेश प्रसारित कर रहा हूं कि ब्राह्मणों की संख्या बढ़ाओ, क्योंकि लोकतंत्र में जन बल सबसे बड़ा बल है।

# 18 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा रॉबर्ट नर्सिंग होम का नया भवन, मरीजों को मिलेंगी और बेहतर सुविधाएं

**संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय**

**इंदौर। इंदौर का रॉबर्ट नर्सिंग होम नागरिकों को कम पैसे में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहा है। अस्पताल में सेवारत चिकित्सक, नर्सेस, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी मिशनरी भाव से कार्य कर रहे हैं। यहां ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर जैसी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी हैं। हालांकि अस्पताल का भवन करीब 120 वर्ष पुराना है, जिसमें 68 बेड हैं और करीब 120 का स्टाफ है। अस्पताल का भवन काफी पुराना हो गया है, इसलिये बार-बार रिनोवशन की आवश्यकता पड़ती है। पुराना भवन ऐतिहासिक होने से इसे कायम रखा जायेगा। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिये लगभग 18 करोड़ रूपये की लागत से अस्पताल का नया भवन बनाया जायेगा, जो जी-प्लस-2 होगा।**

यह निर्माण कार्य किसी विश्वसनीय एजेंसी से कराया जायेगा। पूरी प्रक्रिया में करीब डेढ़



वर्ष लगेगा। यह जानकारी आज रॉबर्ट नर्सिंग होम में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में दी गई। बैठक में रॉबर्ट नर्सिंग होम के मानद सचिव डॉ. वी.एस. यशलहा ने अस्पताल के इतिहास के बारे में बताते हुए उपयोगी सुझाव दिये।

बैठक में बताया गया कि अस्पताल में आईसीयू वार्ड के रिनोवेशन के साथ ही कीमोथैरेपी वार्ड, आपातकालीन वार्ड, ऑपरेशन थियेटर के बाहर वेटिंग रूम का भी रिनोवेशन किया जायेगा। इस कार्य में लगभग 35 लाख रूपये खर्च होंगे। इसके अलावा अस्पताल के कक्ष क्रमांक, 1, 2 ,3, 18 और 19 के रिनोवेशन के साथ ही वॉशरूम का भी रिनोवेशन किया जायेगा। मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए अस्पताल में बेडों संख्या बढ़ाई जायेगी। अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को कायम रखते हुए इसका रंगरोगन कराया जायेगा। जनरल वार्ड के छत पर अत्याधुनिक ब्लड बैंक का निर्माण किया जायेगा, जिसकी अनुमानित लागत 24 लाख रूपये होगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के लिये लगभग 12 लाख रूपये की लागत से लिफ्ट लगायी जायेगी। आईसीयू बेड के लिये 5 नये इन्फ्यूशन पम्प खरीदे जाएंगे। इसके अलावा भी अन्य निर्माण कार्य किये जाएंगे। बताया गया कि वर्तमान में अस्पताल में जनरल, प्रायवेट और सेमी प्रायवेट वार्ड है, जहां पर भर्ती मरीजों को चेरिटेबल सोसायटी द्वारा भोजन दिया जा रहा है। अस्पताल के कुशल संचालन और प्रबंधन के लिये असिस्टेंट मैनेजर और एचआर मैनेजर की व्यवस्था की गई है। अस्पताल के बेहतर संचालन के लिये अलग-अलग विभागों के विषय विशेषज्ञों से राय लिया जायेगा और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें प्रबंधन में शामिल भी किया जायेगा।

इस मौके पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से मानद सचिव डॉ. वी.एस. यशलहा, डॉ. आर.के माथुर, एडव्होकेट विनय झेलावत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में स्टाफ के वेतन-भत्ते आदि पर भी चर्चा हुई। बैठक में अस्पताल प्रबंधन समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# कचरा प्रबंधन में लापरवाही करने पर पंचायत सचिव की रोकी वेतनवृद्धि

- **सीईओ जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने ग्राम पंचायत सनावदिया के सचिव पर की कार्यवाही**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा इंदौर ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली गई। उन्होंने स्वच्छता के सभी घटकों पर सचिवों एवं सरपंचों से चर्चा की। नगर निगम क्षेत्र से लगी हुई ग्राम पंचायतें देवगुराडिया, दूधिया, सनावदिया, नैनोद, बांक, रंगवासा, सिंहासा, केलोद हाला, मांगलिया,भौंगया आदि पंचायतों के सचिवों एवं सरपंचों के साथ बैठक कर इन गाँवों में स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ भी उपस्थित रहे। भविष्य में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 संभावित होने से इन गाँवों का कचरा शहरी सीमा में आने से इसके प्रबंधन की आवश्यकता को देखते हुये इन पंचायतों में स्वच्छता के लिये की जा रही प्रक्रिया एवं संसाधनों का आंकलन बैठक में किया गया। बताया गया कि कुछ ग्राम पंचायतों में अभी भी आवश्यक संसाधन जैसे कचरा गाड़ियां और सफाई कर्मियों की और आवश्यकता है। विशेषकर शहरी क्षेत्र से लगी ग्राम पंचायत में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था व ग्राम पंचायत से निकल रहे कचरे का निष्पादन समय सीमा में किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

श्री जैन द्वारा स्वच्छता कार्यों की ग्राम पंचायतवार समीक्षा पर पाया गया कि ग्राम पंचायत सनावदिया जनपद पंचायत इंदौर में स्वच्छता मानक अनुरूप नहीं होने की लगातार शिकायत प्राप्त होने के पश्चात भी पंचायत द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है,जबकि ग्राम पंचायत में कचरा वाहन, शेग्रीगेशन शेड उपलब्ध है। यहां पर कचरा शेड के बाहर डंप किया जा रहा है एवं मुख्य मार्ग पर भी गांव का कचरा डंप किया जा रहा है। इस लापरवाही पर सचिव ग्राम पंचायत सनावदिया परमानन्द कुशवाह पर कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए गए।

**आरटीओ ने चलाया सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान**

# हेलमेट पहनने और सीटबेल्ट लगाने वाले वाहन चालकों का फूलों से किया अभिनन्दन





**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें आरटीओ की टीम ने सत्यसाईं चौराहा, विजयनगर रसोमा चौराहा पर हेलमेट पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों और सीटबेल्ट लगाने वाले कार चालकों का फूल देकर अभिनन्दन किया। साथ ही अन्य सभी वाहन चालकों से अपील की कि वह यातायात नियमों का पालन करें। रॉंग साइड वाहन न चलाएं,शराब पीकर वाहन न चलाएं,यातायात के सभी नियमों का पालन करें। यातायात में नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का गुलाब के फूलों से अभिनन्दन किया गया। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, रॉंग साइड सहित अन्य यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वाले 30 से अधिक वाहन चालकों पर जुर्माना भी लगाया गया। बिना दस्तावेज के संचालित 02 वाहन जब्त किए गये।

# कन्यापूजन से हुई मिलन समारोह की शुरुआत

**युवा राजपूत सम्राट सेना के आयोजन में समाजजन हुए शामिल**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। युवा राजपूत सम्राट सेना, इंदौर का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह में सर्व प्रथम देवी रूपी कन्याओं का पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आयोजन में अतिथियों ने जहां समाज के एकजुट होने पर जोर दिया, वहीं सम्राट सेना द्वारा किए जा रहे समाजहित के कार्यों की प्रशंसा भी की। आयोजन में परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों व विभिन्न स्पर्धाओं में मेडल जीतकर समाज का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया।**

सेना के गोविंद सिंह सिसोदिया



संभागीय अध्यक्ष डॉ भरत सिंह राठौड़, जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह तोमर, संस्थापक महेंद्र सिंह नीकुम ने जानकारी देते हुए बताया कि समाजजनों को एकजुट करने के लिए युवा राजपूत सामाजिक उत्थान एवं सेवा समिति के द्वारा न्याय नगर पुलिया के समीप राजपूत धर्मशाला में यह मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस दौरान सांस्कृतिक पुरस्कार वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में उज्जैन से संत श्री 1008 जितेंद्र जी महाराज, आईडीए के पूर्व अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, पप्पू सिंह ठाकुर दीपेंद्र सिंह सोलंकी करणी सेना जिला अध्यक्ष ऋषिराज सिंह सिसोदिया, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह तोमर,मुंदी) राजेश सिंह ठाकुर, मानसिंह राठौड मानसिंह दिखिल ठाकुर ) आधार सिंह चौहान, शिक्षा विभाग में राष्ट्रपति पुष्करत, छत्रिय करनी महिला इकाई प्रदेश, अध्यक्ष मनजीत कीर्तिराज सिंह मिटावल समाजसेवी तुलसीराम रघुवंशी आदि अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र सिंह चौहान ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सेना के सुरेंद्र सिंह पटेल, विजय सिंह पवार, गौरी शंकर सिसोदिया, उपाध्यक्ष दिलावर सिंह नीकुम, नारायण सिंह मौर्य, बंटी भैया बैरागढ़, मनोज सिंह राठौड़, राकेश सिंह राठौड़, जालम सिंह चौहान, उदयसिंह चौहान, नारायण सिंह सोलंकी, शिवपाल सिंह निकुम, श्याम सिंह पवार, जितेंद्र सिंह चौहान, अविनाश सिंह राठौड़, योगेश सिंह राजपूत दीपक सिंह राठौड़ आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

## खुद ही करते थे साइन, क्राइम ब्रांच की जांच में हुए नए खुलासे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से लाखों रुपए ठगने वाले आरोपी अनिल रसेनिया के खिलाफ शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। क्राइम ब्रांच की जांच में आरोपी के लैपटॉप से कई फर्जी नियुक्ति पत्र बरामद हुए हैं, जिन पर उसने खुद साइन और सील लगाई थी।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच, राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरोपी से कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं। फिलहाल अनिल रसेनिया को 14 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर रखा गया है। उससे पूछताछ के दौरान उसके नेटवर्क और साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अनिल रसेनिया के खिलाफ नए खुलासे हुए हैं। आरोपी ने 128 युवाओं को ठगी का शिकार बनाया, जिनमें से 60 युवाओं को फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया था।

क्राइम ब्रांच ने आरोपी के पास से कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। इनमें फर्जी नियुक्ति पत्र भी शामिल हैं, जिन्हें आरोपी खुद साइन और सील लगाकर जारी करता था। इन नियुक्ति पत्रों को युवाओं को ट्रेनिंग के बाद दिया जाता था।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच, राजेश दंडोतिया ने बताया कि मामले का खुलासा होने के बाद कई और पीड़ित अपनी शिकायत लेकर क्राइम ब्रांच पहुंचे हैं। इन शिकायतों को जांच में शामिल किया जा रहा है।

पूछताछ में पता चला है कि आरोपी के अन्य साथी भी ठगी के इस गिरोह में शामिल थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। अनिल रसेनिया 14 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर है, और उससे नेटवर्क के अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है।

## इंदौर एयरपोर्ट पर फर्जी टिकट लेकर पहुंचा यात्री,चेकिंग के बीच पीएनआर नंबर निकला गलत; थाने में दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर एयरपोर्ट पर एक महिला यात्री को गलत टिकट के साथ यात्रा करने से पहले पकड़ा गया। इस मामले में एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। अब यात्री और उसे टिकट देने वाले एजेंट से पूछताछ की जा रही है।**

एरोड्रम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने राहुल पाटिल की शिकायत पर दुर्गादास, निवासी तेजपुर, थाना आसाम, विजय श्रीनगर पर 318(4) बीएनएस की धारा में मामला दर्ज किया है। राहुल एयरपोर्ट पर टिकट काउंटर इंचार्ज हैं।

रात करीब 8:30 बजे सब-इंस्पेक्टर रोहित गहलोत ने उन्हें डिपार्चर गेट पर बुलाया और बताया कि दुर्गादास ने फर्जी टिकट के जरिए एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश किया है। इंडिगो फ्लाइट के स्टाफ असिस्टेंट मैनेजर ज्योति चौधरी ने इस बात की पुष्टि की कि दुर्गादास का पीएनआर फर्जी है।

एयरपोर्ट की तरफ से इस मामले की जानकारी राजपत्रित अधिकारी को दी गई। पूछताछ के दौरान दुर्गादास ने बताया कि एजेंट ने उसे गलत टिकट दिया है, लेकिन वह एजेंट के बारे में पूरी जानकारी नहीं दे पाई। महिला द्वारा पूछताछ में सहयोग न करने के कारण पुलिस को बुलाकर उसे उनके हवाले कर दिया गया। इसके बाद राहुल की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की।

## सड़क हादसे में दो नाबालिग सहित तीन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सोमवार सुबह हादसे में दो नाबालिगों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना सुबह 7 बजे खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम डबलचौकी के पास हुई। बाइक पर सवार तीनों लोग बोरिंग करने वाले वाहन से टकरा गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बोरिंग मशीन में तोड़फोड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों सिवनी से डबलचौकी की ओर जा रहे थे। मृतकों की पहचान कुणाल (17), सूर्याश (12), और विशाल (22) के रूप में हुई है। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे। विशाल की शादी हो चुकी थी। खुड़ैल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए गए हैं। कुणाल के चाचा विकास ने बताया कि वह मजदूरी करता था। किसी काम से तीनों डबलचौकी जा रहे थे। वहीं, बोरिंग मशीन डबलचौकी से सिवनी की ओर जा रही थी। कोहरे के कारण उन्हें कुछ भी दिखाई नहीं दिया। सड़क खराब होने के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वे बोरिंग मशीन से टकरा गए।

## 15 जुआरियों को पकड़ा,1 लाख रुपए और मोबाइल जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया क्षेत्र में पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, इस इलाके का एक युवक अपने घर में जुआ खिलवा रहा था। जब पुलिस ने कार्रवाई की, तो जुआरी इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें दो गाड़ियों में भरकर थाने भेज दिया। सभी पर रात में जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।**

पुलिस ने ओम सांई विहार कॉलोनी स्थित निलेश चौधरी के घर पर दबिश दी, जहां जुआ खेल रहे लोग पकड़े गए। गिरफ्तार किए गए जुआरियों में अशोक (पुत्र प्रकाश उइके), शुभम (पुत्र राजेश सिलावट), गणेश (पुत्र



मधुसुदन दुबे), पंकज (पुत्र दुर्गा प्रसाद सोनकर), रविन्द्र (पुत्र कैलाश ठाकुर), पवन (पुत्र गोपाल कुशवाह), संतोष (पुत्र मनमोहन सोनकर), कुंज बिहारी (पुत्र भगवान दास पटेल), प्रेमचंद्र (पुत्र प्रतीक शर्मा), रोहित (पुत्र बद्री), अरुण (पुत्र सुरेश शर्मा), फजल (पुत्र निसार खान), कृष्णा (पुत्र बुदेंलसिंह लोधी), भारत (पुत्र बाबूलाल कुमाउ), और आशीष (पुत्र कमलेश गुप्ता) शामिल हैं। पुलिस ने इनसे करीब 1 लाख रुपए और मोबाइल बरामद किए हैं। यह कार्रवाई एसीपी कुंदन मंडलोई के निर्देश पर की गई। उन्हें मामले की जानकारी मिलने के बाद, उन्होंने डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा को सूचित किया। इस पर थाने के स्टाफ को कार्रवाई की दिशा नहीं बताई गई, और पुलिस ने मौके पर जाकर जुआरियों को पकड़ा। पुलिस की एफआईआर में मकान मालिक निलेश चौधरी को आरोपी नहीं बनाया गया, क्योंकि उसने यह मकान किराए पर दिया हुआ था।

## पति ने पत्नी को होटल के कमरे में पीटा, साथ में डिनर करने ले गया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एरोड्रम पुलिस ने एक पत्नी की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने मायके में थी। पति ने उसे पार्टी देने की बात की और साथ में ले गया। रास्ते में दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। इस दौरान पति ने साथ रहने की बात कही। मना करने पर मारपीट की। पुलिस ने मामले में पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। एरोड्रम पुलिस ने बताया कि प्रतिभा सोलंकी निवासी कृष्णबाग कालोनी की शिकायत पर उसके पति नीलेश सोलंकी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। प्रतिभा ने पुलिस को बताया कि 2013 में उसकी नीलेश से शादी हुई। दो माह से दोनों के बीच विवाद चल रहा है। जिसके चलते वह अपने माता पिता के साथ नंदबाग बाणगंगा इलाके में रहने लगी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे पति घर आया और होटल में खाना खाने की बात पर बाहर ले गया। होटल के कमरे में दोनों ने साथ में शराब पी। इस दौरान नीलेश ने रात यहीं रुकने की बात कही। मना करने पर वह गुस्से में आ गया और अपशब्द कहे। फिर नशे की हालत में पिटाई कर दी। घटना के बाद घर में फोन कर जानकारी दी। परिजन प्रतिभा को एमवाय अस्पताल लेकर गए। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है।

## 14 से 28 जनवरी के मध्य इंदौर ज़िले में मनाया जायेगा आनंद उत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जीवंत सामुदायिक जीवन नागरिकों की जिन्दगी में आनंद का संचार करता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये राज्य आनंद संस्थान-आनंद विभाग के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा 14 से 28 जनवरी के मध्य इंदौर जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव मनाया जायेगा। आनंद उत्सव का उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिये समूह स्तर पर खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। आनंद उत्सव, नगरीय और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे। आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय तौर पर प्रचलित परम्परागत खेल-कूद जैसे कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, रस्सा कसी, चेअर रेस, पिठ्ठु, सितोलिया, चम्मच दौड़, नीबू दौड़ आदि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन, नाटक आदि एवं स्थानीय स्तर पर तय अन्य कार्यक्रम किये जायेंगे ।

## महू के आर्मी वॉर कॉलेज में फिर दिखा तेंदुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महू के आर्मी वॉर कॉलेज परिसर में एक बार फिर तेंदुए दिखाई दिया है। कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरों में इसकी मौजूदगी दर्ज की गई है। इसके बाद वन विभाग की टीम तत्काल कार्रवाई में जुट गई है। वन विभाग के रेंजर नयन कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। तेंदुए को पकड़ने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त कैमरे और पिंजरे लगाए गए हैं। पिछले साल भी इसी क्षेत्र में एक तेंदुए को पिंजरे में कैद किया गया था। आर्मी क्षेत्र में वन्य जीवों का यह मूवमेंट नई बात नहीं है। पहले यहां बाघ की उपस्थिति भी दर्ज की जा चुकी है। वर्तमान स्थिति में वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रही है और जल्द ही तेंदुए को रेस्क्यू करने का प्रयास कर रही है।

### इंदौर में भिक्षुकों की सूचना देने वालों को जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है पुरस्कृत

## कलेक्टर आशीष सिंह ने सूचना देने वाले 8 नागरिकों को सौंपे एक-एक हजार रुपये के चैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर भिक्षुक मुक्त शहर बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। इंदौर जिले को भिक्षुक मुक्त बनाने की कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अभिनव पहल जारी है। इस पहल के तहत भिक्षा मांगने वालों की सूचना देने वाले नागरिकों को पुरस्कृत किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।



कलेक्टर श्री आशीष सिंह आज ने भिक्षुकों की सूचना देने वाले 8 नागरिकों को एक-एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी। इसके पूर्व भी इसी तरह भिक्षावृत्ति करने वालों की सूचना देने वाले 14 नागरिकों को कलेक्टर द्वारा एक-एक हजार रुपये की राशि देकर पुरस्कृत किया जा चुका है। भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले अब तक 22 नागरिकों को पुरस्कृत किया गया है और यह क्रम लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले को शीघ्र ही भिक्षावृत्ति मुक्त जिला घोषित किया जाएगा।

इंदौर कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले दिव्यांश हाडा, रूपेंद्र यादव, शारदा टिकलिया, कन्हैया लाल यादव, नितिन दुबे, प्रफुल्ल इंगले, हिमांशु सभरवाल और लकी धार वानिया को एक-एक हजार रुपये की सम्मान निधि प्रदान की।

# 2000 करोड़ रुपये के साइबर ठगी कांड का भंडाफोड़

## 23 गिरफ्तार, गिरफ्त में मास्टमाइंड, एमपी एटीएस ने निकाला कनेक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में साइबर ठगी का बड़ा जाल पकड़ा गया है। एटीएस और साइबर पुलिस ने मिलकर लगभग 23 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग जबलपुर, सतना, हैदराबाद और गुरुग्राम से पकड़े गए हैं। इन पर करीब दो हजार करोड़ रुपये की ठगी का अंदेशा है। ये लोग ऑनलाइन गेमिंग समेत कई तरीकों से लोगों को ठगते थे। ठगी का पैसा म्यूल अकाउंट में डाला जाता था। हवाला और क्रिप्टो करेंसी के जरिए पैसा बाहर भेजा जाता था। शक है कि पैसा दुबई जैसे देशों में भी भेजा गया। पुलिस टेरर फंडिंग के एंगल से भी जांच कर रही है।**

मध्य प्रदेश में साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। कई जिलों में लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं। इसी के चलते एटीएस और साइबर पुलिस ने ये बड़ी कार्रवाई की है। पकड़े गए लोगों में इस नेटवर्क का मास्टरमाइंड भी शामिल है। मोहम्मद मासूक और साजिद खान इस पूरे नेटवर्क को चला रहे थे। मासूक गुरुग्राम से और साजिद सतना से पकड़ा गया। पुलिस ने इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल, क्यूआर कोड, सिम कार्ड और बैंक खातों की जानकारी बरामद की है। इन सबूतों की जांच की जा रही है।



### पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

साइबर पुलिस को 7 जनवरी को इस ठगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। जबलपुर साइबर पुलिस ने सबसे पहले सतना और जबलपुर से 12 लोगों को गिरफ्तार किया। अगले दिन 6 और लोगों को पकड़ा गया। एटीएस ने गुरुग्राम में एक फ्लैट पर छापा मारा। वहां से 6 लोगों को हिरासत में लिया गया। इस दौरान बिहार के एक संदिग्ध की मौत हो गई। बाकी 5 लोगों को जेल भेज दिया गया।

### म्यूल अकाउंट का करते थे इस्तेमाल

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करते थे। म्यूल अकाउंट ऐसे बैंक खाते होते हैं जो किसी और के नाम पर होते हैं। लेकिन उन पर ठगों का कंट्रोल होता है। ठगी का पैसा इन खातों में डाला जाता था। फिर हवाला और क्रिप्टो करेंसी के जरिए पैसा दूसरे देशों में भेजा जाता था। पुलिस को शक है कि दुबई समेत कई देशों में पैसा भेजा गया होगा। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इस पैसे का इस्तेमाल टेरर फंडिंग के लिए तो नहीं किया गया।

### सबसे ज्यादा ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर ठगी

ये ठग ज्यादातर ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर लोगों को ठगते थे। वे लोगों को ऑनलाइन गेम खेलने का लालच देते थे। फिर उनसे पैसे ऐंठ लेते थे। इसके अलावा भी कई तरीकों से लोगों को ठगा जाता था।

### गरीबों के अकाउंट को बनाते थे निशाना

आरोपियों ने बताया कि वे सरकारी योजनाओं का फायदा दिलाने के नाम पर लोगों के बैंक खाते खुलवाते थे। वे ज्यादातर गरीब लोगों को निशाना बनाते थे। खाता खुलवाते समय वे अपना मोबाइल नंबर उसमें दर्ज करवा देते थे। इससे उन्हें खाते पर पूरा कंट्रोल मिल जाता था। फिर वे उस खाते का इस्तेमाल ठगी के पैसे के लेन-देन के लिए करते थे। एटीएस और साइबर पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की तह तक जाने में जुटी है। पुलिस और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद कर रही है। इस मामले में और भी कई खुलासे हो सकते हैं।

---

# रफ्तार के कहर ने ली दो लोगों की जान

## अंधगति से दौड़ रही कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर जिले में तेज रफ्तार वाहनों से हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बीना रोड पर सोमवार शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की जान चली गई।**

जरूवाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र के नया खेड़ा मुहाल निवासी सत्यनारायण बहरोलिया (48) और अरुण यादव (38) तेरहवीं में शामिल होने पाली गांव गए थे। लौटते समय पाली तिराहे के पास सागर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही क्रेटा कार (MP 15 ZH 3159) ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। कार में कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।



हादसे की खबर से जरूवाखेड़ा कस्बे में शोक छा गया।

घटनास्थल पर 108 एंबुलेंस और अन्य वाहन समय पर नहीं पहुंचे। सूचना देने के बावजूद निजी वाहन मालिकों ने पीड़ितों को अस्पताल ले जाने में असमर्थता जताई। इस कारण दोनों युवक सड़क पर ही दम तोड़ बैठे।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को जिला अस्पताल भिजवाया और मर्चुरी में रखवाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश जारी है।

---

## परीक्षा सेंटर के लिए पानी फर्नीचर, शौचालय जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 24 फरवरी से पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होगी। पांचवीं क्लास के एग्जाम 1 मार्च को और आठवीं के एग्जाम 5 मार्च को खत्म होंगी। परीक्षाओं की तैयारी एमपी बोर्ड ने शुरू कर दी है। जिन स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का आभाव है वहां परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया जाएगा सभी परीक्षा केंद्रों पर बेंच व डेस्क की उपलब्धता आवश्यक है। तभी उसे परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। सेंटर बनाने के लिए स्कूलों में पानी, बिजली, फर्नीचर, शौचालर की व्यवस्था अनिवार्य किया गाया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश के पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से कराने के लिए तैयारी जोरों पर है।

---

# विधानसभा में जंगल सत्याग्रह फिल्म का शो

## दिग्विजय के बुलाने पर नहीं पहुंचे भाजपा के नेता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में सोमवार को फिल्म 'जंगल सत्याग्रह' का प्रीमियर शो रखा गया। यह फिल्म दिखाने का निर्णय पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने लिया था। उन्होंने इसके लिए सभी बीजेपी और कांग्रेस नेताओं को निमंत्रण दिया था। लेकिन दिग्विजय सिंह के निमंत्रण पर बीजेपी के एक भी नेता नहीं पहुंचे, हालांकि कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता इस दौरान मौजूद रहे। दरअसल यह फिल्म 1930 के स्वतंत्रता संग्राम में बैतूल के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों पर आदिवासी कलाकारों द्वारा बनाई गई है। कांग्रेस नेताओं में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम, पीसी शर्मा, कमलेश्वर पटेल, विधायक जयवर्धन सिंह, नितेन्द्र सिंह राठौर पहुंचे। दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पूर्व सीएम उमा भारती, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष



नरेन्द्र सिंह तोमर सहित बीजेपी के तमाम विधायकों और मंत्रियों को जंगल सत्याग्रह के प्रीमियर शो देखेने का न्योता दिया था। बीजेपी नेताओं के फिल्म में न आने पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनकी रूचि है कश्मीर फाइल्स, केरला, साबरमती एक्सप्रेस, जहां हिंसा, नफरत उद्देश्य है वहां उनका पॉलिटिकल एजेंडा है। हमारा पॉलिटिकल एजेंडा देश की आजादी में जिन लोगों ने कुर्बानी दी है। ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने और इतिहास को महिमामंडित करने का हमारा प्रयास है। दिग्विजय ने कहा कि ये कोई अनुभवी लोग नहीं थे। इन्होंने बड़े प्रोफेशनल तरीके से अच्छी क्वालिटी की फिल्म बनाई है। एक संदेश दिया है कि किस तरह से अंग्रेजों ने इस देश को लूटा। अंग्रेजों ने हमारे जंगलों की बर्बादी की। आदिवासियों की आमदनी का जरिया छीना। हम ये पहले से मांग करते आए हैं। कि इसे न केवल टैक्स फ्री किया जाए, बल्कि इसे सेंसरबोर्ड से तत्काल मंजूरी देकर प्रमोट किया जाना चाहिए। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव से कहूंगा कि इस टीम को प्रोत्साहित करें। और आदिवासियों के जो ऐसे ऐतिहासिक उदाहरण हैं। इसी टीम को पूरा संसाधन देकर इनसे फिल्में तैयार कराई जाएं।

---

**जगन्नाथ पुरी में धीरेंद्र शास्त्री बोले-**

# कुंभ की जमीन अब्बा की नहीं, हमारे बब्बा की है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने जगन्नाथ पुरी में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान कुंभ की भूमि को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, कुंभ की जमीन किसी के अब्बा की नहीं, बल्कि हमारे बब्बा की है। इन दिनों बागेश्वर सरकार उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम कर रहे हैं। वहीं, उन्होंने कुंभ जमीन विवाद पर अपना बयान दिया है।

बता दें कि कुंभ की तैयारियों के दौरान इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा था कि महाकुंभ के मेले में जिस तरीके से नागा संन्यासियों ने अखाड़े परिषद और स्वामी बाबाओं ने मुसलमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। उस प्रतिबंध पर अगर देखें तो खुद वो जो जिस जमीन के हिस्से पर तंबू और अखाड़े लगाए हैं, मेला लगा रहे हैं, वो



वक्फ बोर्ड की जमीन है। वहां के मुसलमानों की जमीन है। इस बयान पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने जगन्नाथ पुरी में अपने आशीर्वचन के दौरान बगैर किसी का नाम लिए हुए कहा, कुछ दिन पहले किसी भाई साहब ने कुंभ की भूमि को अपना बताया था। उनसे कह दो कि वो जमीन तुम्हारे अब्बा की नहीं, हमारे बब्बा की है। क्योंकि इस्लाम धर्म का जन्म अरब देश से हुआ है, भारत से नहीं हुआ। जो तुम्हारे पास है, वो जमीन हमने तुम्हें दी है और यह उदारता समझो है, नहीं तो तुम्हारा कुछ भी नहीं है, तुम्हारा अलग देश है। सनातन धर्म जैसा कोई धर्म नहीं है, यह एक मात्र ऐसा धर्म है, जो पूरी दुनिया को परिवार मानकर जीता है। उन्होंने कहा मुसलमान को कुरान का ज्ञान है, ईसाइयों को बाइबल का ज्ञान है, लेकिन हिंदुओं के टूटने और बटने का एक ही कारण है कि हिंदुओं के बच्चों को न गीता का ज्ञान है न रामायण का ज्ञान है।

## संपादकीय

### नैनोपार्टिकल्स स्वास्थ्य के लिए ज्यादा खतरनाक

अहमदाबाद की भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला और दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के एक संयुक्त अध्ययन ने दिल्ली में पैदल चलने वालों के श्वसन तंत्र पर हवा में मौजूद नैनोपार्टिकल्स (PM1 या उससे छोटे कणों) की उपस्थिति और प्रभाव की जांच की है। इस अध्ययन से पता चला है कि सड़कों के किनारे इन कणों का जमाव, यातायात से दूर के इलाकों की तुलना में 30% अधिक है। दिल्ली के निवासी सड़क पर चलते समय रोजाना लगभग 10-18 मिलियन नैनोपार्टिकल्स के संपर्क में आते हैं। अपने सूक्ष्म आकार के कारण, ये कण PM2.5 या PM10 की तुलना में स्वास्थ्य के लिए ज्यादा खतरनाक हैं। यह अध्ययन उत्तरी दिल्ली के रोहिणी में किया गया था। इसमें सभी मौसमों में मानव श्वसन तंत्र पर वायुमंडलीय नैनोपार्टिकल्स के प्रभाव का विश्लेषण किया गया। अध्ययन में पाया गया कि दिल्ली में कुल कण संख्या सांद्रता का लगभग 60-80% योगदान अल्ट्राफाइन पार्टिकल्स का है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'दिल्ली में सालभर में सांस लेने वाले कणों की संख्या सांद्रता 0.5 से 1 बिलियन के बीच बदलती रहती है... कणों का जमाव दिल्ली में सालभर में 0.43-0.26 ग्राम/मिनट के बीच होता है। शहरी सड़क के किनारे कणों की सांद्रता सड़क से दूर के वातावरण की तुलना में लगभग 30% अधिक है। ये परिणाम वायु गुणवत्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए शमन उपायों को शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।' एल्सेवियर ने यह रिसर्च रिपोर्ट 'सीजनल वेरिएशन ऑफ पार्टिकल नंबर कंसंट्रेशन इन अ बिजी अर्बन स्ट्रीट विद एक्सपोजर असेसमेंट एंड डेपोजिशन इन ह्यूमन रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट (मानव श्वसन पथ में एक्सपोजर मूल्यांकन और जमाव के साथ व्यस्त शहरी सड़क में कण संख्या सांद्रता का मौसमी परिवर्तन)' शीर्षक से प्रकाशित की है। यह शोध दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के पर्यावरण इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर राजीव कुमार मिश्रा, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद के वरिष्ठ प्रोफेसर एस रामचंद्रन और दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के एडवांस एयर एंड एकॉस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी के रिसर्च स्कॉलर कनगराज राजगोपाल सहित शोधकर्ताओं की एक टीम ने किया था। अध्ययन में एक कम्प्यूटरीकृत मॉडल का उपयोग करके यह पता चला कि मानव फेफड़ों के एल्वोलर क्षेत्रों में अधिक नैनोपार्टिकल्स जमा होते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'चूंकि ये नैनोपार्टिकल्स मानव बाल के आकार से लगभग 500 गुना छोटे होते हैं, वे फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर जाते हैं' और 'हमारे रक्तप्रवाह में प्रवेश करने की क्षमता रखते हैं' और मस्तिष्क सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में जमा हो सकते हैं। यह भी पाया गया कि सड़कों के किनारे जैसे स्रोतों के पास नैनोपार्टिकल्स की मात्रा अधिक होती है, जहां अधिकांश आबादी इन कणों के संपर्क में आती है। रिपोर्ट के एक लेखक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा, 'इसलिए, दिल्ली जैसे शहर के लिए सड़क से सटे आवासीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इन कणों का अधिक संपर्क होगा। सड़क के पास काम करने या रहने वाले लोग, जैसे पुलिसकर्मी, स्ट्रीट वेंडर, ड्राइवर, मोटरसाइकिल सवार, डिलीवरी कर्मी और सड़क के पास रहने वाले शहरी गरीब, नैनोपार्टिकल्स के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। अध्ययन यह भी सुझाव देता है कि वातावरण और मानव स्वास्थ्य पर इन कणों के प्रभाव को कम करने के लिए इंजन सोर्सेस से नैनोपार्टिकल उत्सर्जन को कम करने के लिए इन कणों की सांद्रता के संबंध में नीति निर्माण की आवश्यकता है।'

धर्म-कर्म

# मकर संक्रांति पर राशि अनुसार दान बना सकता है आपको धनवान

## क्या दान करना होगा आपके लिए शुभ

**मकर संक्रांति एक महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहार है। इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं। यह दिन नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। दान-पुण्य करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए इस दिन जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। शास्त्रों में बताया गया है कि मकर संक्रांति पर यदि हम अपनी राशि के अनुसार और ग्रहों की अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए दान करें तो इस दिन किया गया दान हमारे कष्ट दूर करने के साथ ही हमें धनवान भी बना सकता है। तो आइए देखते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के लोगों को मकर संक्रांति पर क्या दान करना चाहिए।**



### मेष राशि वालों का दान

मेष राशि वालों के राशि स्वामी मंगल होते हैं और इस राशि के लोगों को मकर संक्रांति पर गुड़, मूंगफली और तिल का दान करना चाहिए। वस्त्र दान भी शुभ रहेगा। इस राशि के लोगों को सब्जी में गाजर दान करना चाहिए और इसके साथ ही किसी जरूरतमंद व्यक्ति लाल वस्त्र का दान करें। साथ ही मेष राशि वालों को मकर संक्रांति के दिन हनुमानजी के मंदिर में शाम के वक्त दीपक भी जलाना चाहिए।

### वृषभ राशि वालों का दान

वृषभ राशि के जातकों के राशि स्वामी शुक्र होते हैं। इस राशि के लोगों को मकर संक्रांति पर सफेद अनाज का दान करना चाहिए। इस राशि के लोगों को सफेद कपड़ा, दही और तिल दान करना फलदायी होगा। आपको लाभ होगा और करियर से जुड़े सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। इस राशि के लोगों को मकर संक्रांति के अपनी किसी प्रिय वस्तु को भी हाथ से छूकर दान करना चाहिए।

### मिथुन राशि वालों का दान

मिथुन राशि के स्वामी बुध होते हैं और उनका प्रिय रंग हरा है तो मिथुन राशि वालों को मकर संक्रांति के दिन मूंग दाल, चावल और कंबल दान करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक कष्टों से मुक्ति पाने के लिए काला तिल, चादर और छाता भी दान कर सकते हैं। इस राशि के लोग मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गाय को गुड़ और तिल जरूर खिलाएं। इस उपाय को करने से आपके मानसिक और बौद्धिक विकास में मदद मिलती है।

### कर्क राशि वालों का दान

कर्क राशि के स्वामी चंद्रमा होते हैं और सफेद रंग की वस्तुएं उनको बेहद प्रिय हैं। कर्क राशि के लोगों को मकर संक्रांत के दिन सफेद वस्तुओं का दान करना चाहिए। इस दिन आपको पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। कर्क राशि के जातक चावल, चांदी और सफेद तिल का दान करें। पीले वस्त्र, दूध या घी का दान भी अच्छा रहेगा। इस राशि के लोगों को मकर संक्रांति के दिन शिवलिंग पर जल भी चढ़ाना चाहिए। इससे आपके कष्ट दूर होते हैं।

### सिंह राशि वालों का दान

सिंह राशि के स्वामी सूर्य होते हैं और मकर संक्रांति सूर्य देवता को ही समर्पित होता है। इस राशि के लोगों को पीली या नारंगी रंग की वस्तुओं का दान करना चाहिए। सिंह राशि के लोग किसी गरीब को कंबल दान करें, इससे बहुत लाभ होगा। लाल कपड़ा, तांबा और गेहूं का दान भी कर सकते हैं। साथ ही इस दिन सिंह राशि के लोगों को अपने प्रियजनों को तिल का प्रसाद भी दान करना चाहिए।

### कन्या राशि वालों का दान

कन्या राशि के लोगों को मकर संक्रांति के दिन हरे रंग की वस्तुएं दान करनी चाहिए। किसी गरीब जरूरतमंद सुहागिन महिला को आप हरे रंग की साड़ी दान कर सकते हैं। इसके साथ ही आपको इस दिन स्वयं गुड़, तिल और चूड़े का सेवन करना चाहिए। कन्या राशि वालों को खिचड़ी, कंबल और हरे रंग के कपड़े दान करने चाहिए।

### तुला राशि वालों का दान

तुला राशि के लोगों को मकर संक्रांति के दिन शहद का दान करना चाहिए। इस दिन आप पीले रंग के कपड़े भी दान कर सकते हैं। तुला राशि के जातक सफेद कपड़ा, चीनी और कंबल दान कर सकते हैं। तुला राशि के लोगों को मकर संक्रांति के दिन लक्ष्मी माता के मंदिर में जाकर गुलाब के फूल की माला चढ़ानी चाहिए। ऐसा करने से आपके घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।

### वृश्चिक राशि वालों का दान

वृश्चिक राशि के स्वामी मंगल होते हैं जो कि स्वभाव से बहुत ही उग्र माने जाते हैं। मकर संक्रांति के दिन इस राशि के लोगों को दान में जरूरतमंद लोगों को लोग गुड़, लाल कपड़ा और तिल का दान करना चाहिए। इस इसके साथ ही मकर संक्रांति पर आपको गाय के बछड़े को कुछ ताजे हरे पत्ते जरूर दान में देने चाहिए। ऐसा करने से आपके घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।

### धनु राशि वालों का दान

धनु राशि के लोगों को मकर मकर संक्रांति के दिन पीली वस्तुओं का दान करना चाहिए। इस राशि के स्वामी गुरु माने गए हैं। इस राशि के लोगों को स्वयं भी इस दिन पीले वस्त्र धारण करके ही कोई शुभ कार्य करना चाहिए। धनु राशि के जातकों को पीला कपड़ा, पीली दाल और हल्दी दान करनी चाहिए। साथ ही परिवार में सुख की कामना के लिए इस दिन चांदी या फिर कांसे के पात्र का दान करें।

### मकर राशि वालों का दान

मकर राशि के स्वामी शनि होते हैं और काले नीले रंग की वस्तुएं शनि को सबसे प्रिय होती हैं। इसलिए मकर संक्रांति के दिन आपको काले रंग की वस्तुओं का दान करना चाहिए। किसी जरूरतमंद को काले कपड़े, काले तिल या फिर काले रंग के जूते दान करने चाहिए। मकर राशि वालों के लिए कंबल, काले तिल और तेल का दान शुभ फलदायी होगा। आपको शनि की दशा में भी लाभ मिलता है।

### कुंभ राशि वालों का दान

कुंभ राशि के जातक काली उड़द, काला कपड़ा और काले तिल का दान करें। इस राशि के स्वामी भी शनि होते हैं। इसलिए इस राशि के लोगों को मकर संक्रांति के दिन सवा किलो सरसों के तेल का भी दान करना चाहिए। इस उपाय को करने से शनि आपके जीवन के सभी कष्ट दूर करते हैं और साथ ही आपको जीवन में लाभ और तरक्की प्रदान करते हैं।

### मीन राशि वालों का दान

मीन राशि के स्वामी गुरु कहलाते हैं। इस राशि के लोगों को मकर संक्रांति के दिन लाल फलों का दान करना चाहिए। इस दिन आप जरूरतमंद लोगों को रेशमी कपड़ा, चने की दाल, तिल और चावल का दान करना चाहिए। साथ ही आप स्वयं भी काले तिल का लड्डू और गुड़ का सेवन इस दिन जरूर करें। मकर संक्रांति पर इन उपायों को करने से साल भर आपके घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।

Uttarpradesh

# पहले अमृत स्नान में अब तक 1 करोड़ लोगों ने संगम में लगाई डुबकी, 13 अखाड़ों के साधु-संतों ने निकाला भव्य जुलूस

**प्रयागराज, (एजेंसी)** प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ शुरू हुए महाकुंभ 2025 में आज पहला अमृत स्नान है. मकर संक्रांति के मौके पर विभिन्न अखाड़ों के नागा साधुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई, जिसे 'अमृत स्नान' (शाही स्नान) कहा जाता है. यह महाकुंभ 12 वर्षों के बाद आयोजित किया जा रहा है, हालांकि संतों का दावा है कि इस आयोजन के लिए 144 वर्षों के बाद एक बहुत ही दुर्लभ मुहूर्त बना है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था. 12 वर्षों के बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी को शुरू हुआ, जो 26 फरवरी तक चलेगा. 45 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है.



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक इस बार महाकुंभ में 15 लाख से अधिक विदेशी श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है.

उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि महाकुंभ के पहले अमृत स्नान पर कई अखाड़ों के साधु संतों ने ब्रह्म मुहुर्त में सुबह 4:35 बजे ही संगम में डुबकी लगा ली. निरंजनी अखाड़ा, अटल अखाड़ा, महानिर्वाणी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा ने पवित्र स्नान किया. सुबह 8 बजे तक 1 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगा ली थी और यह आंकड़ा बढ़ता ही जाएगा.

Uttarpradesh

## प्रदर्शनी में 30 फीट की ऊंचाई पर घूम रहा था झूला, तभी टूट गई ट्रॉली, धड़ाम से जमीन पर गिरे 5 लोग



**इटावा, (एजेंसी)** यूपी के इटावा जिले में लगी प्रदर्शनी में देर शाम बड़ा हादसा होने से बच गया. दरअसल, प्रदर्शनी में झूलों का एक समूह लगाया गया है. उसी में करीब 30 फीट की ऊंचाई तक जाने वाला एक झूला घूम रहा था, तभी उसकी एक ट्रॉली टूटने पर उसमें बैठे पांच लोग नीचे आ गिरे. हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया. आनन-फानन में पांचों घायलों को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया. जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया गया.

बताया जा रहा है कि झूले में तय संख्या से अधिक लोगों को बैठाया गया था, जिस कारण ये घटना हो गई. सूचना पर इटावा प्रदर्शनी के जनरल सेक्रेटरी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और पुलिस के अधिकारी अस्पताल में घायलों का हाल-चाल लेने के लिए पहुंचे. साथ ही घायलों से घटना के बारे में जानकारी भी हासिल की. घायल किशोरी राधा ने बताया कि मैं और मेरे दो भाई झूला झूल रहे थे. उसमें चार लोग बैठे हुए थे. एक व्यक्ति को अतिरिक्त जबरदस्ती बैठा दिया गया था. उसी समय झूला झूलते में ही ऊपर आधी ऊंचाई से ट्रॉली टूटी और हम लोग नीचे गिर गए. घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम विक्रम राघव ने बताया कि शाम साढ़े आठ बजे की घटना है. एक झूले की ट्रॉली में पांच लोग बैठे हुए थे, उसके टूटने के कारण ये घायल हो गए हैं. चार लोगों का उपचार चल रहा है.

Bihar

## शादी के लिए लड़की दिखाने का झांसा देकर 3 युवकों को बनाया बंधक, फिर मांगी फिरौती

**कैमूर, (एजेंसी)** बिहार के कैमूर जिले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है. यहां उत्तर प्रदेश के हाथरस से शादी करने के लिए भभुआ पहुंचे दूल्हे के तीन दोस्तों के साथ लड़की दिखाने के नाम पर जो किया गया वह हैरान करने वाला था.

इन लड़कों को भगवानपुर थाना क्षेत्र के बभनी पहाड़ी पर ले जाकर बंधक बना लिया गया और उनको छोड़ने के लिए एक लाख रुपए की फिरौती की मांग की जाने लगी. मामले की जानकारी जब कैमूर पुलिस को लगी तो कैमूर पुलिस ने भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर बंधक बनाए गए इलाके में छापेमारी शुरू की. यहां अपराधी पुलिस की गतिविधि देखकर वहां से फरार हो गए. बंधकों को छुड़ा लिया गया है.

पुलिस ने सूचना मिलने के ढाई घंटे के अंदर बंधक बनाए गए सभी लोगों को मुक्त करा लियाहै. वहीं अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने चार घंटे तक छापामारी की लेकिन सभी अपराधी फिलहाल पुलिस पकड़ से बाहर हैं.

New Delhi

## AI वीडियो पर फंसी AAP, आतिशी पर भी FIR; चुनाव के बीच लगा डबल झटका

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली में विधानसभा चुनाव में बढ़ते घमासान के बीच आम आदमी पार्टी और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। इससे पहले भाजपा नेता और नई दिल्ली से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की शिकायत भी पुलिस के पास पहुंच गई है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करने के आरोप में 'आप' के खिलाफ भाजपा ने शिकायत दर्ज कराई गई है। दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू थाने में यह शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर चुनाव अभियान के तहत पोस्ट की गईं तस्वीरें और वीडियो में कथित तौर पर एआई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। चुनावी कामकाज में सरकारी गाड़ी के इस्तेमाल के आरोप में मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ रिटर्निंग अफसर ने शिकायत दर्ज कराई है। दिल्ली पुलिस ने बीएनएस की धारा 223 (a) के तहत एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आचार संहिता लागू होने के बाद सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल किया गया। बताया जा रहा है कि 7 जनवरी को पीडब्ल्यूडी विभाग की गाड़ी से कालकाजी स्थित चुनाव कार्यालय में प्रचार सामग्री पहुंचाई गई। गौरतलब है कि आचार संहिता लागू होने के बाद मंत्री या मुख्यमंत्री चुनावी कामकाज के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

खेल




# भारत ने जीत के साथ शुरू किया अभियान पहले मैच में नेपाल को 42-37 से हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत ने पहले खो-खो विश्व कप के रोमांचक शुरुआती मुकाबले में नेपाल को 42-37 से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। भारत ने शुरुआती सात मिनट के खेल में 24-0 की बढ़त बनाई जबकि नेपाल ने अगले सात मिनट में 20 अंक जुटाए। मध्यांतर तक भारत के पास 24-20 की बढ़त थी। भारतीय टीम ने मध्यांतर के बाद 14 मिनट के खेल में 18 अंक बनाए जबकि नेपाल की टीम 17 अंक ही हासिल कर सकी।

सिनेमा

## हर रोज घट रही 'गेम चेंजर' की कमाई, संडे का बिजनेस जान लगेगा शॉक




**साउथ के सुपरस्टार एक्टर राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़े छूने के काफी करीब पहुंच गई है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का अभी तक का कुल कलेक्शन 96 करोड़ 15 लाख रुपये के करीब जा पहुंचा है। एस.शंकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अफसोस कि यह सिनेमाघरों में वो कमाल नहीं दिखा सकी जिसकी इससे उम्मीद की जा रही थी। रिलीज के बाद से फिल्म की कमाई का ग्राफ लगातार नीचे जा रहा है।**

राम चरण और कियारा आडवाणी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन 51 करोड़ रुपये रहा था। शनिवार को कमाई का आंकड़ा 57% घटकर महज 21 करोड़ 60 लाख रह गया। रविवार को कमाई में 26% की गिरावट आई और फिल्म ने महज 15 करोड़ 90 लाख रुपये कमाए। चौथे दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर फिर एक गोता लगाया और सोमवार की कमाई 52% घटकर सिर्फ 7 करोड़ 61 लाख रुपये रह गई। फिल्म का अभी तक का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 96 करोड़ 15 लाख रुपये हो गया है।

## Highlights

1. Avoid remarks that embarrass party: Congress to K'taka leaders
2. Jallikattu event begins in Tamil Nadu, best bull to get tractor
3. It's very purifying for soul: Foreign devotees on attending Maha Kumbh
4. UP CM shares Maha Kumbh 2025 highlights, celebrates faith

# China's EV market faces slowdown after 42% surge; 20% growth predicted in 2025

**NEW DEIHI, (Agency).** China's electric car market may be heading towards a sharp slowdown in 2025, CNBC reported citing analysts. This, however, comes after sales of new energy vehicles (A category which includes battery-only and hybrid cars) surged by 42% last year to nearly 11 million units, the report said which cited data from the China Passenger Car Association. This was primarily because of the country's subsidies and incentives for electric vehicles (EVs). However, according to the report, which cited HSBC analysts, growth is expected to slow to 20%. Market leader BYD's sales growth is also predicted to slow to 14% from last year's





40% growth, which totalled 4.3 million units. Strong sales volumes allowed "strugglers and stragglers" to hang on despite their falling margins, the report quoted Yuqian Ding, head of China autos research at HSBC, as having said in a report, pointing out that only BYD, Tesla and Li Auto made a profit in 2023. This is because of a price war started by BYD and Tesla which squeezed out the profit margins of the entire industry. BYD itself has a profit margin of only about 5%. "A lot of customers, the automakers, are not in a good financial state. They cut the R&D budget. That will definitely have a negative impact on this industry," the report quoted Appotronics Chairman and CEO Li Yi as saying, predicting that the market won't pick up until 2026.

# Apple iPhone sales drop 5% globally after AI rollout disappoints, Chinese competition grows

**Mumbai, (Agency).** Apple Inc.'s global iPhone sales declined by about 5% during the final quarter of 2024 due to underwhelming upgrades and competitors making inroads in China, Bloomberg reported.

According to the report, which cited Counterpoint Research data, Apple sales declined by 2% for the entire year, while the industry grew 4%.

iPhone market share had also dropped to 18% in 2024, mostly as Chinese rivals led by Xiaomi Corp. and Vivo took over. Even Samsung was affected by this. Motorola and



Honor were the fastest-growing brands.

"This past quarter was particularly remarkable for the largest Chinese smartphone vendors," the report quoted IDC analyst Francisco Jeronimo as having said in a report. "They achieved a historic milestone as they shipped the highest combined volume ever in a quarter, representing 56% of the global smartphone shipments."

All of this comes because of Apple being in the position of only playing catch-up when it comes to artificial intelligence (AI) features, while Chinese manufacturers are developing their own.

This is especially the case in China (Apple's biggest market outside the US and Europe) where Apple's suite of AI features called Apple Intelligence isn't even available.

All of this led Apple shares to decline as much as 3% to $229.72 on the New York Stock Exchange on Monday.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

www.babapandit.com

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक